प्रेषक,

जिलाधिकारी,
नैनीताल।

सेवा में,

उप सचिव,
राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग,
भारत सरकार,
नई दिल्ली।

पत्रांक : **1140** /20—न्या०सहा०/2023 दिनाँक : 29 जनवरी, 2023

विषय : मा० सदस्य, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार के भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 1001/HM(RL)/NCM—2023-1, दिनाँक 25 जनवरी, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जोकि मा० सदस्य, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार के दिनाँक 30 जनवरी, 2023 को हल्द्वानी में रेलवे भूमि पर हुए अतिक्रमण के निरीक्षण एवम् तद्विषयक बैठक के सम्बन्ध में है।

उक्त के क्रम में अवगत कराया जाना है कि हल्द्वानी में रेलवे भूमि पर हुए अतिक्रमण के सम्बन्ध में मा० उच्चतम न्यायालय, भारत द्वारा दिनाँक 05 जनवरी, 2023 को निर्गत आदेशों के क्रम में विभागों के द्वारा टीमें गठित कर भूमि के सर्वे का कार्य किया जा रहा है, जो अभी प्रारम्भिक स्थिति में है।

अतः उक्त निरीक्षण/भ्रमण के समय/बैठकों में भूमि की वास्तविक स्थिति के सम्बन्ध में पूर्ण एवम् तथ्यात्मक जानकारियाँ उपलब्ध नहीं होंगी। यह जानकारियाँ सर्वे कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त ही प्राप्त हो पायेगी। सर्वे कार्य पूर्ण होने में न्यूनतम 10 दिवस का समय लगेगा।

अतः अनुरोध है कि मा० सदस्य, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार के दिनाँक 30 जनवरी, 2023 को उक्त क्षेत्र के भ्रमण/बैठक का कार्यक्रम सर्वे कार्य पूर्ण होने तक स्थगित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धीराज सिंह गर्ब्याल)
जिलाधिकारी,
नैनीताल।